श्याम मेरे आ जाओ | By Aarti Virmani

श्याम मेरे आ जाओ
और ना तरसाओ...2
बहुत इंतजार किया....
ओ बाबा अब तो दया करो
ओ बाबा अब तो कृपा करो
श्याम मेरे आ जाओ .....

कल कल करते ना जाने बाबा कितने दिन बीते
तू क्या जाने तुझ बिन हम कैसे कैसे जीते
देर ना कर आ भी जा टूटा जाए सबर
श्याम मेरे आ जाओ .....

वादा किया था तुमने मुझसे मिलने आओगे...2
मुख से बोलो क्या तुम वादा ना निभाओगे
हंसी करेगा यह जहां आए ना तुम अगर
श्याम मेरे आ जाओ .....

जब से होश संभाला बस तुझको मैंने पूजा...2
इतना जाने हम तो नहीं तुझसा कोई दूजा
कर दो कृपा रूबी रिधम पर गुण गाए तेरे क्या तुझको नहीं खबर'
श्याम मेरे आ जाओ .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%93-by-aarti-virmani/